समाचार

निगम के सभी वार्डो में आयोजित होंगे छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम

(आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आदेश जारी कर जोन कमिश्नरों को जोनवार सौपे दायित्व, कार्यक्रम आयोजन के दिए निर्देश)

कोरबा 16 दिसम्बर 2022 – राज्य सरकार के 04 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिक निगम कोरबा के सभी वार्डो में वार्ड स्तर पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप तत्संबंध में आदेश जारी कर निगम के सभी जोन कमिश्नर्स को जोन का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अपने–अपने जोन के सभी वार्डो में गौरव दिवस का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होने वार्डवार दायित्व भी निगम के अधिकारी कर्मचारियों को सौपे हैं।

17 दिसम्बर को प्रदेश सरकार के कार्यकाल के 04 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, राज्य सरकार द्वारा इस अवसर पर राज्य के विभिन्न स्थानों पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में वार्ड स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन 17 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने इस संबंध में आदेश जारी कर जोन कमिश्नरों को संबंधित जोन का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए उन्हें अपने–अपने जोन के सभी वार्डो में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किए जाने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रातः 11 बजे राज्य की जनता के नाम संदेश दिया जाएगा, आयुक्त श्री पाण्डेय ने मुख्यमंत्री जी के संदेश के प्रसारण हेतु सभी कार्यक्रम स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, शासन की विगत 04 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए योजनाओं का प्रचार प्रसार करने, कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने, कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों को आमंत्रित किए जाने के निर्देश जोन कमिश्नरों को दिए हैं। उन्होने वार्ड क्र. 01 वार्ड क्र. 67 तक सभी 67 वार्डो हेतु अधिकारी कर्मचारियों को वार्डवार दायित्व देते हुए कार्यक्रमों का सफल आयोजन किए जाने को कहा।